महिला की मौत के मामले का वांछित आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

♦ कसिहार बंधे के पास पुलिस टीम पर फायरिंग के बाद जवाबी कारवाई, तमंचा, दो जिंदा कारतूस और एक खोखा बरामद

गोरखपुर, २९ अक्टूबर। बेलीपार थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल पर बैठी महिला को धक्का देकर गिराने और उपचार के दौरान उसकी मौत होने के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर कसिहार बंधे के पास पहुंची पुलिस टीम ने आरोपी रवि निषाद को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। पुलिस के मुताबिक, इस दौरान आरोपी ने पुलिसकर्मियों को जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। जवाबी कारवाई में पुलिस की गोली उसके दाहिने पैर में लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। घायल आरोपी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कौड़ीराम ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल गोरखपुर रेफर कर दिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देशी तमंचा, दो जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया है। मुठभेड़ और हथियार बरामदगी के संबंध में बेलीपार थाने में एक अन्य मुकदमा भी दर्ज किया गया है।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी रवि निषाद पुत्र संजय निषाद बेलीपार थाना क्षेत्र के चंदौली बुजुर्ग गांव का निवासी है। उसके खिलाफ महिला की मौत के मामले में पहले से हत्या का मुकदमा दर्ज था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार को मुखबिर से सूचना मिली कि वांछित आरोपी कसिहार बंधे के पास मौजूद है। इस पर बेलीपार थाना पुलिस ने एसओजी, स्वाट, सर्विलांस और एंटी थेफ्ट टीमों के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस टीम ने आरोपी को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, लेकिन उसने कथित तौर पर पुलिसकर्मियों पर गोली चला दी। इसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देशी तमंचा, दो जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया। इस संबंध में बेलीपार थाने में मुकदमा अपराध संख्या 251/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 और आयुध अधिनियम की धारा 3/25/27 में मुकदमा दर्ज किया गया है।पुलिस की ओर से उपलब्ध कराये गये आपराधिक इतिहास के अनुसार, रवि निषाद के खिलाफ बेलीपार थाने में चार मुकदमे दर्ज हैं। इनमें मीरा पांडेय की मौत से संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 247/2026, मुठभेड़ और हथियार बरामदगी से संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 251/2026 तथा मुकदमा अपराध संख्या 248/2026 और 327/2025 शामिल हैं। अंतिम दोनों मुकदमों में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 115(2), 351(3) और 352 का उल्लेख है। पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी बांसगांव के पर्यवेक्षण में हुई इस कार्रवाई में बेलीपार के थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार, एसओजी प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार राय, एंटी थेफ्ट नगर प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार राय, स्वाट प्रभारी उपनिरीक्षक पुरुषोत्तम सिंह, एंटी थेफ्ट दक्षिणी के उपनिरीक्षक राणा प्रताप सिंह, सर्वेश सिंह और दीपक कुमार तथा सर्विलांस प्रभारी उपनिरीक्षक छोटेलाल राय शामिल रहे। इनके अलावा बेलीपार थाने के उपनिरीक्षक हिमांशु तिवारी, उमेश यादव और अनिल कुमार यादव समेत अन्य पुलिसकर्मियों ने भी कार्रवाई में हिस्सा लिया।

डॉ. मेधा कुलकर्णी ने महिला नेतृत्व, राजनीतिक भागीदारी और संगठन की मजबूती पर दिया जोर



गोरखपुर, २९ अक्टूबर। भाजपा महिला मोर्चा गोरखपुर क्षेत्र की संगठनात्मक बैठक बुधवार को एनेक्सी भवन में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश की सह-प्रभारी डॉ. मेधा कुलकर्णी तथा विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष सरोज कुशवाहा ने महिला पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन दिया। डॉ. मेधा कुलकर्णी ने कहा कि महिला राजनीति केवल प्रतिनिधित्व का विषय नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की दिशा तय करने वाली गंभीर जिम्मेदारी है। निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से लोकतंत्र और अधिक सशक्त होता है। भाजपा शासनकाल में महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा, स्वावलंबन और राजनीतिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए अनेक पहल की गई हैं। उन्होंने महिला पदाधिकारियों से सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और महिलाओं को उनके अधिकारों एवं अवसरों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष संध्या त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधियों के साथ राष्ट्रीय, प्रदेश, क्षेत्रीय और जिला स्तर की महिला पदाधिकारियों ने सहभागिता की। इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने, विभिन्न स्तरों के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय बढ़ाने और आगामी कार्यक्रमों की प्रभावी तैयारी पर चर्चा हुई। साथ ही महिला कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। क्षेत्रीय अध्यक्ष संध्या त्रिपाठी ने अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वरिष्ठ नेतृत्व के मार्गदर्शन में महिला मोर्चा संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने और महिलाओं से जुड़े विषयों पर सक्रियता से कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है।कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा गोरखपुर जिलाध्यक्ष पूजा सिंह कौशिक ने किया तथा आभार ज्ञापन प्रदेश उपाध्यक्ष अमिता गुप्ता ने किया।



दो फेरों में चलेगी गोरखपुर बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर विशेष गाड़ी

गोरखपुर, २९ अक्टूबर। रेल प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुये रेल यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 05091 /05092 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन गोरखपुर से 9 एवं 16 नवम्बर दिन सोमवार को तथा बांद्रा टर्मिनस से 11 एवं 18 नवम्बर दिन बुधवार को 2 फेरों के लिये किया जायेगा। 05091 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस त्यौहार विशेष गाड़ी 9 एवं 16 नवम्बर को दिन सोमवार गोरखपुर से 21.55 बजे प्रस्थान कर बस्ती से 23.22 बजे, दूसरे दिन गोंडा से 1.15 बजे, बादशाह नगर से 4.02 बजे, ऐशबाग से 5 बजे, कानपुर सेंट्रल से 7.25 बजे, टूण्डला से 11.35 बजे, ईदगाह आगरा से 12.50 बजे, गंगापुर सिटी से 16.10 बजे, कोटा से 18.20 बजे, भवानी मंडी से 19.28 बजे, रतलाम से 22.30 बजे, बड़ोदरा से 4.15 बजे, सूरत से 6.45 बजे, वापी से 8.02 बजे तथा बोरीवली से 11.10 बजे छूटकर बांद्रा टर्मिनस 12 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 05092 बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर त्यौहार विशेष गाड़ी 11 एवं 18 नवम्बर दिन बुधवार को बांद्रा टर्मिनस से 13.45 बजे प्रस्थान कर बोरीवली से 14.22 बजे, वापी से 15.53 बजे, सूरत से 17.05 बजे, बड़ोदरा से 18.45 बजे, रतलाम से 23.35 बजे, दूसरे दिन भवानी मंडी से 2 बजे, कोटा से 3.40 बजे, गंगापुर सिटी से 6.11 बजे, ईदगाह आगरा से 9.15 बजे, टूण्डला से 11 बजे, कानपुर सेंट्रल से 15.15 बजे, ऐशबाग से 17.40 बजे, बादशाह नगर से 18.02 बजे, गोंडा से 20.45 बजे, बस्ती से 22.18 बजे छूटकर गोरखपुर 23.55 बजे पहुँचेगी। इस गाडी में एल.एस.एल.आर.डी. के 2, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 11 एवं शयनयान श्रेणी के 8 कोच सहित कुल 21 कोच लगाये जायेंगे।

अनधिकृत और फर्जी बेव साइटों से रहे सावधान

गोरखपुर, २९ अक्टूबर। समस्त अभ्यर्थियों एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि नामक वेबसाइट पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर के रेलवे भर्ती सेल (आर.आर.सी.) की आधिकारिक वेबसाइट नहीं है। अतः उक्त वेबसाइट पर प्रदर्शित भर्ती संबंधी विज्ञापनों, सूचनाओं एवं अन्य जानकारियों की प्रामाणिकता की पुष्टि किए बिना उन पर विश्वास न करें। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे रेलवे भर्ती से संबंधित विज्ञापनों, आवेदन प्रक्रिया, पात्रता, परीक्षा कार्यक्रम, परिणाम एवं अन्य महत्वपूर्ण सूचनाओं के लिए केवल पूर्वोत्तर रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट- https://ner-indianrailways.gov.in का ही अनुसरण करें। अभ्यर्थी किसी भी अनधिकृत वेबसाइट के माध्यम से उपलब्ध कराई गई भ्रामक सूचनाओं के आधार पर आवेदन करने, धनराशि जमा करने अथवा अपनी व्यक्तिगत एवं गोपनीय जानकारी साझा करने से बचें। किसी भी सूचना की सत्यता सुनिश्चित किए बिना उसे आधिकारिक न मानें। अभ्यर्थियों एवं आम जनता से अपील है कि वे सतर्क रहें, अनधिकृत एवं फर्जी वेबसाइटों से सावधान रहें तथा रेलवे भर्ती से संबंधित सूचनाओं के लिए केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही विश्वास करें।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत 'ग्राम चौपाल' का आयोजन



गोरखपुर, २९ अक्टूबर। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, गोरखपुर हवाई अड्डे द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत ग्राम सभा जंगल रामगढ़ रजही में 'ग्राम चौपाल' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक करना, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के महत्व से अवगत कराना तथा शिकायत निवारण की उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में गोरखपुर हवाई अड्डे के निदेशक संजय कुमार, सतर्कता जागरूकता सप्ताह के नोडल अधिकारी विजय कुमार, एजीएम अरविंद यादव तथा कनिष्ठ कार्यपालक (सुरक्षा) शिवा गुप्ता उपस्थित रहे। ग्राम सभा की ओर से निवर्तमान ग्राम प्रधान रणविजय सिंह 'मुन्ना', सुरेंद्र पाल, ओम प्रकाश चौहान, नागू पासवान, राकेश कन्नौजिया, अखंड सिंह 'पिंटू', अवधेश सिंह सहित अनेक ग्रामवासी चौपाल में शामिल हुए। चौपाल के दौरान ग्रामीणों को भ्रष्टाचार के दुष्परिणामों, सार्वजनिक सेवाओं में ईमानदारी एवं पारदर्शिता की आवश्यकता तथा अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, केंद्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न शिकायत निवारण माध्यमों तथा संबंधित विभागों में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम को संवादपरक बनाते हुए उपस्थित ग्रामवासियों को अपने प्रश्न रखने और विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त करने का अवसर दिया गया। ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी जिज्ञासाएँ प्रस्तुत कीं, जिन पर उपस्थित अधिकारियों ने आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। ग्राम चौपाल के माध्यम से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, गोरखपुर हवाई अड्डे ने ईमानदारी, पारदर्शिता, जवाबदेही और भ्रष्टाचार के विरुद्ध जनजागरूकता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने की दिशा में सार्थक पहल की।

प्रीति मझवार और नीतू मझवार ने विधि-विधान से रखा करवा चौथ का व्रत



गोरखपुर, २९ अक्टूबर। करवा चौथ के पावन पर्व पर भाजपा गोरखपुर के जिला मीडिया प्रभारी के. एम. मझवार की पत्नी नीतू मझवार एवं उनके छोटे भाई नवनीत मझवार की पत्नी प्रीति मझवार ने पूरे विधि-विधान एवं श्रद्धा-भाव के साथ करवा चौथ का व्रत रखा। इस अवसर पर दोनों महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखी दाम्पत्य जीवन की कामना की। करवा चौथ के अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना की तथा व्रत से जुड़ी सभी धार्मिक परंपराओं का पालन किया। इस पर्व को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह और उल्लास देखने को मिला। करवा चौथ भारतीय संस्कृति एवं पारिवारिक परंपराओं से जुड़ा एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो पति-पत्नी के प्रेम, विश्वास, समर्पण और आपसी रिश्तों की मजबूती का प्रतीक माना जाता है। इस पावन अवसर पर दोनों परिवारों में धार्मिक आस्था एवं हर्षोल्लास का माहौल रहा।



विकास भवन में निरीक्षण करते मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी

विशेष ट्रेन की संचलन अवधि में विस्तार

गोरखपुर, २९ अक्टूबर। रेल प्रशासन द्वारा त्यौहारों को ध्यान में रखते हुये रेल यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु पूर्व से चलाई जा रही 07651/07652 जालना-छपरा-जालना साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार तथा रेक संरचना में संशोधन किया गया है। संचलन अवधि का विस्तार एवं संशोधित रेक संरचना-संचलन अवधि के विस्तार के फलस्वरूप 07651 जालना-छपरा साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी के 11, 18 एवं 25 नवम्बर तक प्रत्येक बुधवार को तथा 07652 छपरा-जालना साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी के 13, 20 एवं 27 नवम्बर तक प्रत्येक शुक्रवार को 3 फेरों के लिये चलाई जायेगी। संशोधित रेक संरचना के अनुसार इस गाड़ी में वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी के 2, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 1, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 6, शयनयान श्रेणी के 9, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 4 तथा एस.एल.आर. के 2 कोचों सहित कुल 24 कोच लगाये जायेंगे।

अविराज हार्ट सेंटर में नि:शुल्क हृदय जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित



♦ बीपी, शुगर एवं हृदयरोग से संबंधित मरीजों को डॉ मिश्रा के देखभाल में अत्याधुनिक मशीनों का प्रयोग

गोरखपुर, २९ अक्टूबर। बेतियाहाता स्थित अविराज हार्ट सेंटर पर मेगा हृदय जाँच और परामर्श शिविर आयोजित किया गया जहां पूर्वांचल के प्रतिष्ठित हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ धनंजय मिश्रा (कार्डियोलॉजिस्ट) द्वारा 600 से अधिक मरीजों का नि:शुल्क जांच एवं परामर्श दिया गया।आयोजित शिविर में बीपी शुगर एवं हृदयरोग से संबंधित मरीजों को डॉ मिश्रा के देखभाल में अत्याधुनिक मशीनों के प्रयोग से किया गया।शिविर को सफल बनाने मे अविराज हार्ट सेंटर के विनय सूरी,अभिषेक श्रीवास्त , शेरा और अमित आदि का सार्थक प्रयास रहा।

परशुराम-लक्ष्मण संवाद देख दर्शक हुए रोमांचित



गोरखपुर, २९ अक्टूबर। श्री विष्णु मंदिर असुरन में चल रही रामलीला में जनक दुलारी सेवा संस्थान अयोध्या से पधारे कलाकारों द्वारा आज रामलीला में परसुराम लक्ष्मण संवाद का मंचन हुआ। धनुष टूटने की आवाज सुनकर महेंद्र पर्वत पर तपस्या कर रहे भगवान परशुराम क्रोधित होकर जनक दरबार में पधारते हैं और पूछते हैं कि धनुष किसने तोड़ा श्रीराम विनम्रता से कहते हैं कि आपके किसी दास ने ही तोड़ा होगा। इसी बीच लक्ष्मण जी बोल पड़ते हैं और परशुराम-लक्ष्मण के बीच बड़ा तीखा और रोचक संवाद होता है। जिससे उपस्थित श्रद्धालु मंत्र मुग्ध हो जाते हैं। अंत में श्रीराम अपने दिव्य स्वरूप का परिचय देते हैं। परशुराम जी समझ जाते हैं कि वे स्वयं श्री हरि विष्णु के अवतार हैं।वे अपना धनुष श्रीराम को देते हैं, जिस पर प्रत्यंचा चढ़ाकर श्रीराम उनका तेज शांत करते हैं। परशुराम जी श्रीराम की स्तुति कर चले जाते हैं।

इसके पश्चात राजा जनक महर्षि विश्वामित्र और गुरुजनों की आज्ञा लेकर राजा दशरथ के पास बारात का निमंत्रण भेजते हैं। मीडिया प्रभारी बृजेश मणि मिश्र ने बताया कि कल रामलीला में श्रीराम विवाह और सीता विदाई का मंचन किया जाएगा। मुख्य यज्ञाचार्य पंडित सुंदर श्याम त्रिपाठी के नेतृत्व में मुख्य यजमान लक्ष्मी निगम, गुंजन जायसवाल, संजय दुबे, निरंकार श्रीवास्तव, डॉ स्निग्धा श्रीवास्तव, डॉ. विराट स्वरूप, प्रियंका मोदनवाल, चंचला शुक्ला, रमेश चतुर्वेदी, डॉ. विकास सिंह, मीनाक्षी सिंह सहित 60 दंपत्तियों ने यज्ञ में आहुति डाली।पुराण परायण और अखंड श्री हरि संकीर्तन अनवरत चल रहे है।

नगर निगम ने हटवाये अवैध होर्डिंग, फ्लैक्स बोर्ड

गोरखपुर, २९ अक्टूबर। नगर निगम, गोरखपुर के विज्ञापन विभाग द्वारा महानगर में लगाये गये अवैध होर्डिंग, फ्लैक्स बोर्ड, पोस्टर, बैनर एवं अन्य विज्ञापन संशाधनों को हटवाने के अभियान के तहत आज टाउनहाल से बैंक रोड, अग्रसेन तिराहा होते हुए विजय चैराहा तक, तथा विजय चैराहा से राज टाकीज होते हुए सुमेर सागर और जटाशंकर चैराहा तक फ्लैक्स बोर्ड एवं पोल बोर्ड हटाया गया इसी के साथ विभिन्न स्थलो पर लगे पोस्टरों को भी साफ कराया गया। आज की उक्त कार्यवाही के तहत विज्ञापन विभाग की टीम द्वारा 220 फ्लैक्स बोर्ड जब्त किया गया, साथ ही बिजली के पोलो पर लगे 116 बोर्ड जब्त किये गयें। साथ ही साथ विभिन्न मार्गो पर चस्पा किये गये लगभग 80 स्थलो पर पोस्टर साफ कराये गये। नगर आयुक्त ने ऐसे सभी संस्थाओं को सचेत किया है कि नगर निगम, गोरखपुर से अनुमति प्राप्त करके उचित विज्ञापन संशाधनो के माध्यम से अपनी संस्था का प्रचार प्रसार का कार्य कराये, अन्यथा अनधिकृत रूप से लगाये गये पोस्टर, बैनर एवं अन्य प्रचार संशाधन लगे हुए पाये गये तो सम्बन्धित फर्म के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। यह शहर आप का अपना है, कृपया अनुचित तरीके से बोर्ड, बैनर और पोस्टर न लगाये और अपनी संस्था का प्रचार प्रसार सुव्यवस्थित तरीके से करते हुए महानगर के सौन्दर्यीकरण को बनाये रखने मे नगर निगम का सहयोग करें।

नगर आयुक्त ने जलभराव से बचाव की तैयारियों का किया स्थलीय निरीक्षण



❖ नाला सफाई कार्यों में तेजी लाने एवं वर्षा के दौरान पंपिंग स्टेशनों का समयबद्ध संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश

गोरखपुर, २९ अक्टूबर। संभावित चक्रवात 'अर्णब' एवं आगामी दो दिनों के लिए मौसम विभाग द्वारा जारी रेड अलर्ट के दृष्टिगत नगर आयुक्त द्वारा आज महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव से बचाव हेतु नगर निगम द्वारा की जा रही तैयारियों एवं नाला सफाई कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम बिछिया ताड़ीखाना में पोकलेन एवं जेसीबी मशीनों से कराये जा रहे नाला सफाई कार्य का जायजा लिया गया तत्पश्चात चंपा देवी पार्क के समीप जलनिकासी व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इसके उपरांत नया सवेरा एवं चिड़ियाघर के समीप गोरखपुर विकास प्राधिकरण द्वारा संचालित पंपिंग स्टेशनों का निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त द्वारा अधिशासी अभियंता अशोक भाटी को निर्देशित किया गया कि गोरखपुर विकास प्राधिकरण से निरंतर समन्वय बनाये रखते हुए वर्षा की स्थिति में दोनों पंपों का समय से संचालन सुनिश्चित कराये, जिससे जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। पंचमुखी हनुमान मंदिर के समीप नाले की सफाई सुनिश्चित कराने हेतु जोनल अधिकारी ओ.पी. यादव को निर्देशित किया गया। इसके पश्चात विजय चौक स्थित सावित्री हॉस्पिटल के समीप जेसीबी मशीन से कराए जा रहे नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त द्वारा सफाई निरीक्षक रामविजय को सावित्री हॉस्पिटल से आगे स्थित समस्त पुलियों की विधिवत एवं गहन सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गये नगर आयुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संभावित भारी वर्षा के दृष्टिगत जलनिकासी व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने तथा जलभराव की समस्या से निपटने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समय से सुनिश्चित की जाएं। संभावित भारी वर्षा एवं जलभराव की स्थिति से निपटने हेतु नगर निगम, गोरखपुर का कंट्रोल रूम 24×7 सक्रिय रहेगा। कंट्रोल रूम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की शिफ्टवार तैनाती की गई है, ताकि नागरिकों से प्राप्त जलभराव एवं जलनिकासी संबंधी शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित टीमों के माध्यम से त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित कराया जा सके।

विश्वविद्यालय की कबड्डी (पुरुष) टीम चयनित



गोरखपुर, २९ अक्टूबर। 18 नवंबर से वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में आयोजित कबड्डी पुरुष प्रतियोगिता 2026-27 हेतु दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कबड्डी पुरुष टीम का चयन आज विश्वविद्यालय क्रीड़ाँगन पर हुआ। अस्थाई रूप से चयनित टीम है सूरज जायसवाल,अनुराग (विश्वविद्यालय) मनीष सिंह,नितेश कुमार यादव, हिमांशु शर्मा, (बहादुर यादव पी जी कॉलेज भटनी) संचित सिंह (केवला सुंदर डिग्री कॉलेज) विशाल कुमार यादव (एस एस से पी जी कॉलेज) हर्षदीप जायसवाल, गुलशन यादव (एम ए आर एन गवर्नमेंट कॉलेज) अफजाल अंसारी (बी एन बी पी डिग्री कॉलेज) आदित्यनाथ यादव(रामजी सहाय पी जी कॉलेज) आदित्य यादव (एम एस ए मदीना डिग्री कॉलेज) शैलेश कुमार गोंड (कल्पनाथ राय डिग्री कॉलेज) सुमित गुप्ता (गायत्री देवी कॉलेज)

यह जानकारी विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के सचिव प्रो राज वीर सिंह ने दी तथा बताया कि कबड्डी टीम मे चयनित सभी खिलाड़ी 31 अक्टूबर को अपराह्न 2 बजे विश्वविद्यालय के क्रीड़ा परिषद कार्यालय पर आवश्यक रूप से उपस्थित हों ।